O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - I (2023 – 2024)

Class -IX **MM:20**

Subject: HINDI **Time: 1 Hrs.**

Name: ____________ Roll No.:__________

***General Instructions:** All questions are compulsory*

प्रश्न 1 नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यान से पढिए और उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर का चयन दिए गए विकल्प में से कीजिए- 1X4=4

यह एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसने अपनी प्रतिभा और लगन से न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में मान-सम्मान पाया है। इस विख्यात महिला का नाम है-महाश्वेता देवी। महाश्वेता का अर्थ है- दुर्गा या पार्वती। महाश्वेता एक महान लेखिका और समाज सेविका थीं। इनका सारा जीवन गरीबों, दलितों और आदिवासियों की सेवा में बीता है। इनका लेखन भी इसी समाज-सेवा का एक हिस्सा है। लेखन के द्वारा भी इन्होंने शोषितों-पीड़ित जनों के अभावों और दुखों को सबके सामने प्रस्तुत किया है।वृद्ध होते हुए भी वे 16-17 घंटे काम करती रहती थीं। महाश्वेता एक सभ्य,सुसंस्कृत,खाते-पीते परिवार में 14 जनवरी 1926 को ढाका में पैदा हुई थीं। घर का वातावरण बच्ची के विकास में बड़ा सहायक बना। उनके पिता मनीषचंद्र घटक प्रसिद्ध कवि और लेखक थे। उनकी माता धारित्री देवी भी एक लेखिका थीं। वे अन्य भाषाओं से बांग्ला में अनुवाद भी करती थीं। समाज-सेवा करने का भी उन्हें शौक था। परिवार के परिवेश से प्रभावित होकर वे भी साहित्य की ओर मुड़ीं और उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में एम0 ए0 की उपाधि प्राप्त की। चालीस के दशक में महाश्वेता देवी ने बांग्ला के प्रसिद्ध नाटककार बिजन भट्टाचार्य से विवाह किया। विवाह के बाद महाश्वेता देवी को बड़ी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। अपनी इस स्थिति के दौरान वे घर-घर जाकर अगरबत्तियाँ बेचने का काम करने लगीं। कुछ दिनों बाद एक सरकारी दफ़्तर में उन्हें क्लर्क की नौकरी मिली। मगर यह सब उन्हें रास नहीं आने वाला था। अन्याय के विरुद्ध उनके भीतर जो ज्वालामुखी धधक रहा था, उसे भी तो अपनी राह ढूँढ़नी थी। उन्होंने निश्चय किया कि वे अपनी लेखनी को ही अपने जीवनयापन का सहारा बनाएँगी। इस तरह भीतर का ज्वालामुखी भी बाहर का रास्ता पा जाएगा और रोटी की समस्या भी हल हो जाएगी। भले ही लेखन से अच्छे भोजन का जुगाड़ न हो सके, पर दाल-रोटी का इंतज़ाम तो हो ही जाएगा। इनकी पहली पुस्तक थी- 'झाँसी की रानी' जो 1956 में प्रकाशित हुई।

(क) 'बालक के उज्ज्वल भविष्य में पारिवारिक परिवेश का योगदान होता है।'---यह कथन उपरलिखित गद्यांश के आधार पर

(1) बिल्कुल सही है। (3) बिल्कुल गलत है।

(2) आंशिक रूप से सही है। (4) आंशिक रूप से गलत है।

(ख) महाश्वेता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है---

(1) महाश्वेता ने अपनी मेहनत और लगन से केवल भारत में अपना नाम कमाया है।

(2) महाश्वेता देवी ने बांग्ला के प्रसिद्ध नाटककार बिजन भट्टाचार्य से विवाह किया।

(3) महाश्वेता देवी ने लेखन को अपना जीवन-यापन का सहारा बनाया।

(4) महाश्वेता देवी को समाज-सेवा का बहुत शौक था।

(ग) महाश्वेता देवी जी को क्या रास नहीं आया?

(1) दलितों और शोषितों की सेवा करना।

(2) लेखनी को जीवनयापन का सहारा बनाना

(3) बिजन भट्टाचार्य से विवाह करना

(4) सरकारी दफ़्तर में क्लर्क की नौकरी करना।

(घ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A)-महाश्वेता जी ने तय किया कि वे लेखनी को ही सहारा बनाएँगी।

कथन (R)-ऐसा उन्होंने केवल अपनी आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए किया।

(1) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(2) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(3) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(4) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 2 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए- 1X4=4

(क) 'पुनर् / पुन:' उपसर्ग से बना शब्द छाँटिए-

(1) पुनरूक्ति (3) पुराना

(2) पुर्तगाल (4) प्राप्त

(ख) अनिच्छा में उपसर्ग है-

(1) अ (3) अन्

(2) अनि (4) अन

(ग) 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है-

(1) तात्कालिक (3) रोमांचक

(2) धार्मिक (4) सांप्रदायिक

(घ) उपसर्ग और प्रत्यय दोनों के योग से बना हुआ शब्द है-

(1) स्वतंत्रता (3) स्वतंत्र

(2) स्वाधीन (4) मानवीय

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए- 1X2=2

(क) लोग सद्गुणों का अनादर कैसे करते हैं?

(1) सीधे-साधे प्राणियों से लड़-झगड़कर

(2) सीधे-साधे , सरल स्वभाव वाले प्राणी को मूर्ख समझकर

(3) ऋषि-मुनियों का अपमान करके

(4) सरल स्वभाव वाले व्यक्तियों को निम्न श्रेणी का समझकर

(ख) काबा फिरि कासी भया, रामहिं भया रहीम ।

मोटे चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम ॥

काबा-काशी किसके लिए समान होते हैं?

(1) अज्ञानी लोगों के लिए

(2) कट्टरपंथी लोगों के लिए

(3) ज्ञानी लोगों के लिए

(4) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 4 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों का उत्तर दो से तीन पंक्तियों में लिखिए- **2X3=6**

(1) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

(2) हीरा और मोती गया के साथ क्यों नहीं जाना चाहते थे?

(3) सबकी ज़बान पर एक ही जिज्ञासा-"पानी कहाँ तक आ गया है?" इस कथन से जनसमूह की कौन-सी भावनाएँ व्यक्त होती हैं?

प्रश्न 5 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों का उत्तर दो से तीन पंक्तियों में लिखिए- **2X2=4**

(1) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?

(2) कबीर ने ईश्वर को 'सब स्वाँसों की साँस में' क्यों कहा है?